## ट्रेन से कटे युवक की शिनाख्त, कचरा बीनता था मृतक

**नवभारत न्यूज**

**मुरैना, 4 अप्रैल।** दो दिन पहले जीआरपी के जवानों द्वारा रेलवे ट्रेक से बरामद किए गए शव की पहचान शहर के गणेशपुरा इलाके में रहने वाले लाली उर्फ जसवंत 43 पुत्र फूलसिंह बाल्मीक के रूप में शनिवार को हुई। मृतक जसवंत कचरा-कबाड़ बीनने का काम किया करता था।

यहां बताना जरूरी होगा कि 2 अप्रैल गुरूवार को आगरा से ग्वालियर जा रही गतिमान एक्सप्रेस की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई थी। मृतक की घटनास्थल पर शिनाख्त नहीं हो सकी थी। तब जीआरपी के जवानों ने शव को डैड हाऊस में रखवा दिया था। शनिवार को डैड हाऊस पहुंचें परिजन ने मृतक की शिनाख्त जसवंत उर्फ लाली बाल्मीक के रूप में की। परिजन ने बताया कि जसवंत कचरा-कबाड़ बीनने का काम किया करता था। गुरूवार की सुबह जसवंत घर से निकला था, जिसके बाद से ही वो घर नहीं पहुंचा था।

# मुख्य बाजारों से हटाए अतिक्रमण, दुकानदारों में हड़कंप

## डिप्टी कलेक्टर उमेश अवस्थी के नेतृत्व में लगातार दूसरे दिन चला अभियान





**नवभारत न्यूज**

**मुरैना, 4 अप्रैल।** शुक्रवार को शुरू हुआ शहर के मुख्य बाजारों में अतिक्रमण हटाने का अभियान लगातार दूसरे दिन शनिवार को जारी रहा। डिप्टी कलेक्टर उमेश अवस्थी, तहसीलदार ज्योति लाक्षाकार के नेतृत्व में नगर निगम के मदालखत दस्ते ने जाहर सिंह शर्मा मार्ग सहित अन्य बाजारों में कार्रवाई कर अतिक्रमण हटाए।

शनिवार को अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई लोहिया बाजार से शुरू हुई। जिसके बाद नाला नंबर-2 स्थित जाहर सिंह शर्मा मार्ग, पंचायती धर्मशाला, पालिका बाजार, एमएस रोड आदि बाजारों में दुकानदारों द्वारा किए गए अस्थाई एवं स्थाई अतिक्रमणों को हटाया गया।

कार्रवाई के दौरान दुकानदारों को पुन: अतिक्रमण न किए जाने की हिदायत भी दी गई। इसी दौरान नियमों का उल्लंघन करने वाले दुकानदारों के विरुद्ध जुर्माने की कार्रवाई भी की गई।

### चित्रकूट मिष्ठान्न भंडार, कोकम स्वीट्स से 3 घरेलू गैस सिलेंडर जब्त

अतिक्रमण की कार्रवाई के दौरान टीम जब नाला नंबर-2 स्थित चित्रकूट मिष्ठान्न भंडार पहुंचीं तो यहां घरेलू गैस सिलेंडर का उपयोग होता हुआ मिला। टीम ने यहां से एक घरेलू गैस सिलेंडर जब्त किया। एक अन्य कार्रवाई में टीम ने कोकम स्वीट्स से दो घरेलू गैस सिलेंडर भी जब्त किए।

### जेसीबी मशीन से तोड़े पक्के चबूतरे, हटाए टीन शेड्स



अतिक्रमण की कार्रवाई के दौरान मदालखत दस्ते ने गंगा पब्लिक स्कूल के पास दुकानों के बाहर अतिक्रमण कर बनाए गए पक्के चबूतरों को जेसीबी मशीन से तोड़ा गया। तो वहीं कोकम स्वीट्स के बाहर लगे टीनशेड को भी जेसीबी की मदद से हटाने की कार्रवाई की गई।



## पक्षियों के लिए रखे सकोरे, लिया संरक्षण का संकल्प

**नवभारत न्यूज**

**मुरैना, 2 अप्रैल।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की नगर इकाई के तत्वावधान में विकासार्थ विद्यार्थी (एसडीएफ) कार्यक्रम के तहत इन दिनों पक्षियों के लिए दाना-पानी के सकोरे रखने का अभियान चलाया जा रहा है।

**अभाविप की नगर इकाई द्वारा एसडीएफ के तहत चलाया जा रहा अभियान**

मुरैना शहर में युवा कार्यकर्ताओं द्वारा शनिवार को अभियान का शुभारंभ किया गया। अभियान के तहत युवा कार्यकर्ताओं द्वारा शहर में शैक्षणिक संस्थानों, सार्वजनिक स्थानों पर लगे पेड़ों पर रस्सियों के सहारे दाना-पानी से भरे सकोरे टांगे गए। इस मौके पर विद्यार्थी परिषद के प्रांत सहमंत्री सत्यादित्य सिंह तोमर ने कहा कि बढ़ती गर्मी के कारण भूजल स्तर में गिरावट आ रही है, तो वहीं पेयजल के प्राकृति स्त्रोत भी सूखते जा रहे है। ऐसे में पक्षी पानी की बूंद-बूंद के लिए भटक रहे हैं। अभाविप का यह सकोरा अभियान केवल एक कार्यक्रम नहीं बल्कि प्रकृति के प्रति हमारी कृतज्ञता प्रकट करने का एक माध्यम है। कार्यकर्ताओं ने प्लास्टिक के बजाय पर्यावरण अनुकूल मिट्टी के सकोरों का उपयोग किया। ताकि पानी प्राकृतिक रूप से ठंडा रहे। कार्यक्रम में सचिन डिड़ोखर, गिरजेश पचौरी, सचिन तिवारी, आदित्य राजावत, दीपक परमार, प्रियांशु सिकरवार, जयवीर यादव आदि कार्यकर्ता और शिक्षकगण उपस्थित रहे।

# तेज हवाओं के साथ बारिश से लुढ़का पारा, हुई ठण्डक

## दोपहर 1 बजे के बाद अचानक बदला मौसम का मिजाज



**नवभारत न्यूज**

**मुरैना, 2 अप्रैल।** बीते दो दिन से गर्मी का कहर झेल रहे अंचल के लोगों के लिए शनिवार सुकून भरा रहा। मौसम ने मिजाज बदला और तेज हवाओं के साथ हुई बारिश ने लोगों को गर्मी से राहत दिलाने का काम किया। बारिश के बाद तापमान में भी पांच डिग्री से अधिक गिरावट दर्ज की गई, जिससे लोगों को ठण्डक का अहसास होने लगा।

शनिवार की सुबह 8 बजे से तीखी धूप ने गर्मी के अहसास से लोगों को परेशान करना शुरू कर दिया था। लेकिन दोपहर 1 बजे के बाद अचानक मौसम का मिजाज बदला और आसमान में काले बादल छा गए। अपरान्ह साढ़े तीन बजे अचानक बादलों से रिमझिम फुहारों के गिरने का सिलसिला शुरू हुआ। जो रुक-रुककर शाम साढ़े छह बजे तक चला। अप्रैल के पहले सप्ताह में अचानक बदले मौसम के मिजाज ने पारे की रफ्तार पर ब्रेक लगाया, जिससे तापमान में गिरावट आई। बारिश के बाद शाम को चलीं सर्द हवाओं ने लोगों को हल्की गुलाबी सर्दी का अहसास करा दिया। शनिवार को यह बारिश का दौर मुरैना शहर के साथ जौरा, कैलारस, सबलगढ़, पोरसा, अंबाह और बानमोर में चला।

**किसानों के माथे पर चिंता की लकीरें, फसलों में नुकसान का डर :** अंचल में इन दिनों गेंहू की फसल की कटाई और थ्रेसिंग का काम चल रहा है। ऐसे में मौसम के मिजाज से किसान चिंतित है। थ्रेसिंग के लिए खेत-खलिहान में रखीं फसल के बारिश होने पर खराब होने का डर किसानों को सताने लगा है।

## श्रमिकों के लिए पुनरीक्षित न्यूनतम वेतन दरें निर्धारित

**नवभारत न्यूज**

**मुरैना, 4 अप्रैल।** श्रमायुक्त कार्यालय इन्दौर द्वारा न्यूनतम वेतन अधिनियम 1948 के अंतर्गत राज्य के श्रमिकों के लिए परिवर्तनशील मंहगाई भत्ते सहित पुनरीक्षित न्यूनतम वेतन की दरें निर्धारित की गई हैं। यह वेतन दर एक अप्रैल से 30 सितम्बर 2026 तक प्रभावशील रहेगी, जिसके तहत अब 26 दिवस एवं प्रतिदिन 8 घंटे कार्य दिवस के मान से अकुशल श्रमिक के लिए 12 हजार 425 रूपए प्रतिमाह एवं 478 रूपए प्रतिदिन, अर्द्धकुशल श्रमिक के लिए 13 हजार 421 रूपए प्रतिमाह एवं 516 रूपए प्रतिदिन, कुशल श्रमिक के लिए 15 हजार 144 रूपए प्रतिमाह एवं 582 रूपए प्रतिदिन तथा उच्च कुशल श्रमिक के लिए 16 हजार 769 प्रतिमाह एवं 645 रूपए प्रतिदिन की दर निर्धारित की गई है।

# कलेक्टर ने विद्यार्थियों से साझा किए सफलता के सूत्र

## भविष्य से भेंट कार्यक्रम के तहत 106 विद्यालयों में हुआ संवाद



**नवभारत न्यूज**

**मुरैना, 4 अप्रैल।** भविष्य से भेंट कार्यक्रम के अंतर्गत जिले के विभिन्न विद्यालयों में प्रेरणादायक संवाद सत्रों का आयोजन किया गया। इसी क्रम में शनिवार को कलेक्टर लोकेश कुमार जांगिड़ ने अंबाह विकासखंड के शासकीय प्राथमिक विद्यालय भुआ का पुरा में विद्यार्थियों से आत्मीय संवाद कर उन्हें सफलता के मूल मंत्र बताए।

कलेक्टर ने विद्यार्थियों को नियमित अध्ययन, अनुशासन और सकारात्मक सोच को जीवन में अपनाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने जीवन में आने वाले उतार-चढ़ाव का साहस और संतुलन के साथ सामना करने तथा सदैव प्रसन्नचित्त रहने का संदेश दिया। कार्यक्रम के दौरान कलेक्टर ने बच्चों को स्कूल किट भी वितरित कर उनका उत्साहवर्धन किया।

उल्लेखनीय है कि 1 से 4 अप्रैल तक आयोजित प्रवेशोत्सव कार्यक्रम के अंतर्गत मुरैना जिले के 106 विद्यालयों में जिला एवं खंड स्तर के अधिकारियों ने विद्यार्थियों से संवाद कर अपने अनुभव साझा किए और उन्हें उज्ज्वल भविष्य के लिए मार्गदर्शन प्रदान किया।

कार्यक्रम के पश्चात कलेक्टर ने ग्रामीणों से रूबरू होकर उनकी समस्याएं सुनीं, जिनमें सड़क, बिजली, पानी एवं कृषकों से जुड़े मुद्दे प्रमुख रहे। उन्होंने इन समस्याओं के त्वरित निराकरण का आश्वासन दिया। इस प्रकार भविष्य से भेंट कार्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों को प्रेरित करने एवं शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने का सराहनीय प्रयास किया गया।

## खेत पर बना मकान गिरा, बालिका की मौत, दो घायल

**भिंड।** जिले के मौ कस्बे के अंतर्गत ग्राम लोहारपुरा में शुक्रवार को एक दर्दनाक हादसे में 12 वर्षीय बालिका की मौत हो गई जबकि दो अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना से पूरे गांव में शोक का माहौल व्याप्त है। जानकारी के अनुसार खेत पर बना एक कच्चा मकान अचानक भर भराकर गिर गया। जिसकी चपेट में आकर रागिनी पुत्री रामवीर यादव (12) गंभीर रूप से घायल हो गई। परिजन उसे तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मौ लेकर पहुंचे, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। हादसे में शारदा देवी पत्नी बहादुर सिंह यादवएवं राघव सिंह (9) वर्ष भी घायल हुए हैं।

दोनों की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें बेहतर इलाज के लिए ग्वालियर रेफर किया गया है। घटना के बाद गांव में मातम पसर गया है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता एवं मुआवजा देने की मांग की है। प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा घटना की जानकारी लेकर कार्रवाई शुरू कर दी गई है।



## मोघे बाबू हनुमान मंदिर पर लगे छप्पन भोग, हुआ भंडारा

**नवभारत न्यूज**

**मुरैना/जौरा, 4 अप्रैल।** नगर के हृदय स्थल तहसील चौराहा सदर बाजार में स्थित मौघे बाबू हनुमान मंदिर में शनिवार को सुंदरकांड, रामायण के छप्पनभोग लगाए गए। जिसके बाद प्रसादी का वितरण किया गया। सदर बाजार में वर्षों पुराना हनुमान मंदिर है, जिसे मौघे बाबू के नाम से जाना जाता है मौघे बाबू बरसों पूर्व महाराष्ट्र से जौरा आए ट्रेजरी में अकाउंटेंट थे, उन्होंने ही अपनी निजी जगह में वर्षों पूर्व हनुमान मंदिर की स्थापना भी कराई। सुंदरकांड रामायण के छप्पनभोग के बाद कन्या भोजन एवं भंडारे का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महात्मा गांधी सेवाश्रम के अध्यक्ष पीवी राजगोपाल राजू भाई, डोंगर शर्मा, प्रोफेसर बीके गर्ग, बंटी मुदगल, रूपकिशोर गर्ग, आशीष गर्ग आदि भी उपस्थित थे।

# कॉम्बिंग गश्त : 91 वारंटी, 2 इनामी बदमाश गिरफ्तार

## 217 पुलिस अधिकारी, कर्मचारी हुए शामिल



**नवभारत न्यूज**

**मुरैना, 4 अप्रैल।** फरार वारंटियों सहित ईनामी बदमाशों की धरपकड़ के लिए शुक्रवार-शनिवार की दरम्यानी रात को जिले भर में पुलिस द्वारा कॉम्बिंग गश्त किया गया। गश्त के दौरान पुलिस टीमों ने जिले भर में सर्चिंग करते हुए 21 स्थाई, 70 गिरफ्तारी वारंटियों सहित 94 फरार वारंटियों को गिरफ्तार किया। इसके साथ ही 3 हजार रूपये के ईनामी सुरेन्द्र गुर्जर निवासी ग्राम पहावली और 5 हजार रूपये के ईनामी भूरा गुर्जर नि. बहादुरपुर हाल सैनिक कॉलोनी को गिरफ्तार किया।

कॉम्बिंग गश्त के दौरान पुलिस ने अन्य अपराधों में वांछित 1 आरोपी को भी पकड़ा। गश्त के दौरान समस्त थाना क्षेत्रों में प्रभावी चैकिंग करते हुए 45 हिस्ट्रीशीटर बदमाशों एवं जिलाबदर घोषित किए गए 10 बदमाशों की जांच की गई।

कॉम्बिंग गश्त में कुल 217 पुलिस अधिकारी, कर्मचारी शामिल हुए। अनुविभागीय पुलिस अधिकारियों एवं थाना प्रभारियों ने अपने-अपने अनुभाग व क्षेत्र में गश्त किया। मुरैना शहर में सीएसपी दीपाली चंदौरिया, एसआई संजय बरैया, अरुण सिंह कुशवाह, प्रदीप शर्मा, सिविल लाईन थाना प्रभारी निरीक्षक दर्शन शुक्ला शामिल थे।

# शिक्षा ग्रहण कर माता-पिता के सपनों को साकार करें : धाकरे



**नवभारत न्यूज**

**मुरैना, 2 अप्रैल।** स्कूल चले अभियान के अंतर्गत इन दिनों विद्यालयों में प्रवेशोत्सव कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे है। इसी क्रम में शनिवार को जिलेभर के 106 स्कूलों में भविष्य से भेंट कार्यक्रम हुए। इन कार्यक्रमों में प्रशासनिक अधिकारी शामिल हुए। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जौरी में हुए कार्यक्रम में नगर निगम आयुक्त सत्येन्द्र धाकरे ने सहभागिता की।

ननि आयुक्त श्री धाकरे ने बच्चों को गणित विषय के सवालों को हल करने के टिप्स दिए। तो वहीं हिंदी विषय के पाठ का वाचन कराया। इस मौके पर ननि आयुक्त श्री धाकरे ने कहा कि भविष्य से भेंट कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों को शिक्षा के महत्व को समझाना और उनको शिक्षा ग्रहण करने के लिए प्रोत्साहित करना है।

उन्होंने बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि वे शिक्षा ग्रहण कर शिक्षित बने और अपने भविष्य को संवारने का काम करे, इससे वे अपने माता-पिता के सपनों को साकार करने के साथ समाज एवं राष्ट्र निर्माण में अपनी भूमिका का निर्वहन कर सकेंगे।

कार्यक्रम में नगर निगम के डिप्टी कमिश्नर लालसिंह डोडिया ने बच्चों से कहा कि वे प्रतिदिन लक्ष्य निर्धारित कर अध्ययन करें, इससे उन्हें सफलता हासिल करने में आसानी होगी।

## पुस्तक मेले का आयोजन 6 से 10 तक होगा

**मुरैना, 4 अप्रैल।** कलेक्टर लोकेश कुमार जांगिड़ के मार्गदर्शन में जिला मुरैना में 6 अप्रैल से 10 अप्रैल तक टाउन हॉल मुरैना में पुस्तक मेले का आयोजन किया जाएगा। यह मेला प्रतिदिन प्रात: 10 से सायं 5.30 बजे तक संचालित रहेगा। प्रशासन द्वारा अभिभावकों से अपील की गई है कि वे अपने बच्चों के लिए पुस्तक मेले से उपयोगी पुस्तकें क्रय करें।

# गांधी पार्क के पीछे गली में जलभराव से लोग परेशान



**नवभारत न्यूज**

**मुरैना/जौरा, 4 अप्रैल।** कस्बा जौरा में गांधी पार्क के पीछे स्थित गली में लगातार गंदे पानी के भराव की वजह से वहां रहने वाले लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

नगर पालिका जौरा के वार्ड-2 के अंतर्गत गांधी पार्क के पिछले हिस्से में स्थित इस गली में रहने वाले अलीम खान ने बताया कि साफ-सफाई और जल निकासी के पर्याप्त इंतजाम न होने से लगातार गंदे पानी का भराव बना रहता है। जिसकी वजह से इस रास्ते से होकर महिलाओं एवं बच्चों को गुजरने में परेशानी का सामना करना पड़ता है।

वार्ड के लोगों ने मुख्य नगर पालिका अधिकारी से जल निकासी के इंतजाम कर समस्या का समाधान किए जाने की मांग की है।



## ननि में 3 बार पार्षद रहे नरेश कारखुर कांग्रेस में हुए शामिल

**नवभारत न्यूज**

**मुरैना, 4 अप्रैल।** नगर पालिका परिषद मुरैना में तीन बार पार्षद रह चुके भाजपा नेता नरेश कारखुर ने 4 अप्रैल को दर्जनभर साथियों के साथ कांग्रेस का दामन थाम लिया। मुरैना विधायक दिनेश गुर्जर, ग्रामीण जिलाध्यक्ष मधुराज सिंह तोमर, शहर जिलाध्यक्ष गजेन्द्र जाटव के समक्ष श्री कारखुर ने शनिवार को कांग्रेस की प्राथमिक सदस्यता ग्रहण की। इस मौके पर कांग्रेस जिलाध्यक्षद्वय ने श्री कारखुर को कांग्रेस की पट्टिका पहनाई और पुष्पहार पहनाकर संगठन में उनका स्वागत किया। इस मौके पर प्रवक्ता हरीश पाठक, पूर्व विधायक सत्यपाल सिंह सिकरवार, दीपक शर्मा, ननि सभापति राधारमण डंडौतिया, सुभाष सिकरवार, रामू तोमर, रामदास, जितेन्द्र डंगस, विनोद शर्मा, फतेह राइौर, सुनील राठौर आदि उपस्थित थे।

**भाजपा ने नरेश कारखुर को 2023 में किया था निष्कासित :** कांग्रेस का दामन थामने वाले पूर्व पार्षद नरेश कारखुर को भाजपा संगठन ने अनुशासनहीनता के आरोपों के चलते वर्ष 2023 में 6 साल के लिए निष्कासित किया गया था। निष्कासन की वजह 2023 विधानसभा चुनाव के दौरान मुरैना सीट से भाजपा के उम्मीदवार रघुराज सिंह कंषाना के विरुद्ध प्रचार किए जाना बताया गया था।

# भाजपा स्थापना दिवस पर नए जिला कार्यालय का भूमिपूजन कल

**नवभारत न्यूज**

**भिण्ड, 2 अप्रैल।** भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस पर 6 अप्रैल को जिले में नवीन जिला कार्यालय भवन के निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम गौरी का किनारा स्थित बृज बिहारी वाटिका के सामने आयोजित होगा। भूमिपूजन कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल एवं क्षेत्रीय संगठन मंत्री अजय जमवाल द्वारा भोपाल से वर्चुअल माध्यम से किया जाएगा।

भाजपा जिला अध्यक्ष देवेंद्र सिंह नरवरिया ने बताया कि कार्यक्रम सुबह 11 बजे प्रारंभ होगा जबकि दोपहर 12 बजे वर्चुअल माध्यम से भूमिपूजन किया जाएगा। कार्यक्रम में प्रभारी मंत्री प्रहलाद पटेल, संभागीय संगठन प्रभारी डॉ. अभय प्रताप सिंह यादव, प्रदेश कोषाध्यक्ष अखिलेश जैन, जिला संगठन प्रभारी हमीर सिंह पटेल, सांसद संध्या राय कैबिनेट मंत्री राकेश शुक्ला, विधायक नरेंद्र सिंह कुशवाह, विधायक अमरीश शर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष कामना भदौरिया सहित कई जनप्रतिनिधि व पदाधिकारी शामिल होंगे। कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर जिला अध्यक्ष नरवरिया ने आयोजन स्थल का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारियां सौंपीं। इस दौरान जिला उपाध्यक्ष उपेंद्र शर्मा सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे। बताया गया कि भाजपा स्थापना दिवस के अवसर पर प्रदेश के 18 जिलों में एक साथ जिला कार्यालयों के भूमिपूजन कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में भिण्ड में भी यह कार्यक्रम वर्चुअल लाइव प्रसारण के माध्यम से संपन्न होगा। जिला अध्यक्ष नरवरिया ने पार्टी के सभी पदाधिकारियों जनप्रतिनिधियों एवं कार्यकर्ताओं से कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील की है।



## सहायक संचालक मोनिका माहौर ने बच्चों से किया संवाद

**नवभारत न्यूज**

**मुरैना, 4 अप्रैल।** मप्र कलेक्टर लोकेश कुमार जांगिड़ के मार्गदर्शन में सहायक संचालक जनसंपर्क सुश्री मोनिका माहौर ने शासकीय माध्यमिक विद्यालय खेड़ा मेवदा में आयोजित भविष्य से भेंट कार्यक्रम के तहत बच्चों के साथ संवाद किया।

इस दौरान सुश्री माहौर ने अपने अनुभव साझा करते हुए विद्यार्थियों को शिक्षा के महत्व के बारे में प्रेरित किया। उन्होंने बच्चों को नियमित अध्ययन करने, अनुशासन बनाए रखने और अपने लक्ष्यों के प्रति सजग रहने की सीख दी। कार्यक्रम में उन्होंने बच्चों को पेंसिल बॉक्स भी भेंट किए, जिससे बच्चों में उत्साह देखा गया।

साथ ही कक्षा 7 एवं 8 के विद्यार्थियों से चर्चा करते हुए मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता, विद्यालय की साफ-सफाई और छात्र संख्या बढ़ाने जैसे विषयों पर भी सुझाव दिए। कार्यक्रम के अंत में बच्चों ने भी उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए अपने विचार व्यक्त किए और इस संवाद से प्रेरणा प्राप्त की।